कुल प्रश्नों की संख्या : 25]
Total No. of Questions : 25]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[Total No. of Printed Pages : 11

# 2111201

## विषय : हिन्दी
## Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

*नोट :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।*

*निर्देश: (i) प्रश्न क्रमांक 1- 'अ', 'ब', 'स', 'द' चार खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। प्रत्येक खण्ड में 5-5 प्रश्न हैं। ( 01×20=20 अंक )*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 02 से 09 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित हैं। ( 02×08=16 अंक )*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 10 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित हैं। ( 03×08=24 अंक )*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल तीन प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित हैं। ( 04×03=12 अंक )*

*(v) प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित हैं। ( 05×04=20 अंक )*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 25 निबंधात्मक है, जिसमें 08 अंक निर्धारित हैं। ( शब्द सीमा 250 ) ( 01×08=08 अंक )*

*निर्देश: (i) प्रश्न क्रमांक 1- 'अ', 'ब', 'स', 'द' चार खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। प्रत्येक खण्ड में 5-5 प्रश्न हैं।( 01×20=20 अंक )*

**प्रश्न-1( अ ) सही विकल्प चुनिए -** [1×5=5]

**( क ) उत्साह किस रस का स्थायी भाव है ?**

(i) हास्य

(ii) वीर

(iii) श्रृंगार

(iv) रौद्र

**( ख ) कवि नागार्जुन बीज के माध्यम से किसकी बात कर रहे हैं ?**

(i) साधारण व्यक्ति की।

(ii) अमीर व्यक्ति की।

(iii) पेड़ की।

(iv) समाज की।

**( ग ) रानी भाभी पानी पिला में 'रानी' सम्बोधन किस बात का प्रतीक था ?**

(i) मजाक।

(ii) चापलूसी।

(iii) धनी।

(iv) नम्रता तथा आदर।

**( घ ) कवि ने जगाने का अनुरोध सूर्य, पवन, पक्षी से किया, क्योंकि वे –**

(i) सुन्दर हैं।

(ii) क्रियाशील हैं।

(iii) प्रगतिशील हैं।

(iv) अनुभवी हैं।

**( ङ ) व्यंग्यार्थ पर आधारित शब्द शक्ति कौन–सी है ?**

(i) अभिधा।

(ii) लक्षणा।

(iii) व्यंजना।

(iv) माधुर्य।

**( ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** [1×5=5]

(क) नाक में दम करना का अर्थ ............ है।

(ख) ............ सबसे सयानी हो गयी है।

(ग) बंगाल में दशहरा ............ के रूप में मनाया जाता है।

(घ) बस की हालत के बयान के बहाने ............ की हालत पर व्यंग्य किया गया है।

(ङ) लेखक ............ को निकट से देखने कौसानी गया था।

**(स) सत्य *अथवा* असत्य लिखिए -** [1×5=5]

(क) बाजार-भाव से ग्राहकों को कोई लाभ नहीं होता।

(ख) वर्णों की गिनती पर आधारित छंद को वार्णिक छंद कहते हैं।

(ग) बांग्ला सबसे प्राचीन भाषा है।

(घ) अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारतीय महिला कल्पना चावला थी।

(ङ) मनुष्य का शरीर जड़ पिण्ड है।

**(द) उचित सम्बन्ध जोड़िए -** [1×5=5]

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | वीरांगना | (क) | रात्रि |
| (ii) | इन्दुमती | (ख) | तुलसीदास |
| (iii) | विभावरी | (ग) | केदारनाथ अग्रवाल |
| (iv) | कवितावली | (घ) | बिजली |
| (v) | दामिनी | (ङ) | किशोरीलाल गोस्वामी |

*निर्देश: (ii) प्रश्न क्रमांक 02 से 09 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित हैं। ( 02×08=16 अंक )*

**प्रश्न-2** निन्दक को अपने पास क्यों रखना चाहिए ? [2]

**प्रश्न-3** तत्सम-तद्भव बताइए - [$\frac{1}{2}$×4=2]

(i) दुग्ध

(ii) ऊँट

(iii) गाय

(iv) कर्म

**प्रश्न-4** बेवक्त जागने पर क्या होगा ? [2]

**प्रश्न-5** 'तपते देखा - गलते देखा' में गलने का क्या आशय है ? [2]

**प्रश्न-6** बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक है ? [2]

**प्रश्न-7** हिमालय से बार-बार क्या पुकार आ रही है ? [2]

**प्रश्न-8** श्रीकृष्ण किसको मक्खन खिलाना चाह रहे हैं ? [2]

**प्रश्न-9** बहादुर रातभर भूखा किसलिए रहा ? [2]

***निर्देश: (iii) प्रश्न क्रमांक 10 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अ***

***निर्धारित हैं। ( 03×08=24 अंक )***

**प्रश्न–10** नाराज स्वजनों को क्यों मना लेना चाहिए ? [3

**प्रश्न–11** छंद विधा में निम्न को समझाकर लिखिए – [1+1+1=3

(i) पाद या चरण।

(ii) मात्रा और वर्ण।

(iii) तुक।

**प्रश्न–12** 'बहुत दिनों के बाद' कविता में गाँव लौटने पर कवि ने क्या अनुभव किया ? बताइए। [3

**प्रश्न–13** 'ताहि अहीर की छोहरियाँ, छछिया भरि छाछ पै नाच नचावत' के काव्य सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए। [3

**प्रश्न–14** 'बहादुर' कहानी का उद्देश्य लिखिए। [3

**प्रश्न–15** 'जैसे कोई और हो' एक व्यंग्य रचना है। कैसे ? समझाकर लिखिए। [3

**प्रश्न–16** बादलों के आने पर ग्रामवासी किस प्रकार अपनी खुशियाँ व्यक्त करते हैं ? लिखिए। [3

**प्रश्न–17** परियोजना कैसे बनाएँ ? परियोजना की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। [$1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$

***निर्देश:(iv) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल तीन प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित हैं। ( 04×03=12 अंक )***

**प्रश्न-18** कबीरदास जी के अनुसार – ऊँचे कुल में जन्म लेने का लाभ कब प्राप्त नहीं होता ? इसे किस उदाहरण द्वारा समझाया गया है ? लिखिए। [2+2=4]

***( अथवा )***

रहीम के अनुसार – उपकारी के संग रहने पर क्या लाभ मिलता है ? क्या आधुनिक जीवन में यह चरितार्थ हो रहा है ? लिखिए।

**प्रश्न-19** 'बहुत दिनों के बाद' कविता में ग्राम्य जीवन की झाँकी किस प्रकार प्रस्तुत की गयी है? लिखिए। [4]

***( अथवा )***

मानव जीवन के लिए अधिक पानी पीना लाभकारी क्यों है ? लिखिए।

**प्रश्न-20** 'बीती विभावरी जाग री' कविता के अनुसार प्रातःकालीन सौन्दर्य को विस्तार से लिखिए। [4]

***( अथवा )***

अखबारों में विज्ञापन देने पर होने वाले लाभों के बारे में सविस्तार लिखिए।

***निर्देश: (v)*** ***प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित हैं। ( 05×04=20 अंक )***

**प्रश्न-21** आप स्नेहिल हैं, अपने छोटे भाई पुलक को तेज गति से मोटर सायकल चलाने की हानियों को समझाते हुए एक पत्र लिखिए। [5]

***( अथवा )***

मुहल्ले में मच्छरों की अधिकता का जिक्र कर DDT या प्रतिरोधी औषधि छिड़काव हेतु अपनी पंचायत के सरपंच ***या*** अपने नगर के जिला पंचायत अध्यक्ष को आवेदन पत्र लिखिए।

***निर्देश :-*** (पत्र / आवेदन पत्र में अपने वास्तविक नाम / स्थान / रोल नं. का प्रयोग न करें। उसे ................ कर खाली छोड़ दें।)

**प्रश्न-22** **निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -** [1+1+2+1=5]

''लाजो उसे ढाँढस बँधाती और जितना सम्भव होता उसकी सहायता करती। सुमित्रा को लगता, जैसे उसका कोई अपना बचा हुआ है। बनवारी की चिट्ठी आई तो सुमित्रा के साथ लाजो भी खिल उठी थी। उसने सुना कि सुमित्रा लोगों को सुना-सुनाकर कह रही थी, ''मेरा अफसर बेटा मुझे लेने आ रहा है। मैं कहती थी न, वह किसी लाचारी में फँसा होगा। अब तुम लोगों को परतीति हुई कि नहीं ? अरे, अपने बेटे को माँ ही पहचान सकती है दूसरे लोग क्या पहचानेंगे।''

***( अथवा )***

''क्यों पुराने साधकों ने दैहिक और भौतिक कष्टों को ताप कहा था और उसे शमित करने के लिए वे क्यों हिमालय जाते थे, यह पहली बार मेरी समझ में आ रहा था और अकस्मात् एक दूसरा तथ्य मेरे मन के क्षितिज पर उदित हुआ। कितनी पुरानी है यह हिमराशि ! जाने किस आदिम काल से यह शाश्वत, अविनाशी हिम इन शिखरों पर जमा हुआ है। कुछ विदेशियों ने इसलिए हिमालय की इस बर्फ को कहा है - चिरन्तन हिम (एटर्नल स्नो)। सूरज़ ढल रहा था।''

**प्रश्न-23 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -** [1+1+2+1=5]

''बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की,
'बरस बाद सुधि लीन्हीं' -
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,
हरसाया ताल, लाया पानी परात भर के।
मेघ आए, बड़े बन-ठन के, सँवर के।''

***(अथवा)***

''अँसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोई।
अब तो बेलि फैल गई, आनंदफल होई।
दूध की मथनियाँ बड़े, प्रेम से बिलोई।
माखन जब काढ़ि लियो, छाछ पिए कोई।
भगति देखि राजी हुई, जगत देखि रोई।
दासी 'मीरा' लाल गिरिधर, तारो अब मोही।''

प्रश्न–24 निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - ( कोई पाँच )

[1+1+1+1+1=5]

"विज्ञान ने पृथ्वी को दूसरा स्वर्ग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, फिर भी यह सत्य है कि इसी विज्ञान ने नर्क के द्वार खोल दिए हैं। मानव ने इतनी शक्तिशाली अणुबम, परमाणु बम, मिसाइल बनाए हैं जिनका मुँह केवल विनाश की ओर खुलता है। विज्ञान ने मानव को पूर्णतः भोगवादी और अकर्मण्य बना दिया है। मानव स्वचालित यंत्रों पर इतना अधिक निर्भर हो गया है कि उसकी हस्त क्षमता बिल्कुल समाप्त हो गयी है। इसने मानव को चतुर बनाया, पर ईमानदारी नहीं सिखाई। मानव को साधन तो दिए, पर सदुपयोग नहीं सिखाया। परिणामस्वरूप इन खोजों का दुरुपयोग ज्यादा हो रहा है।"

प्रश्न (i) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) पृथ्वी को दूसरा स्वर्ग किसने बनाया ?

(iii) किसका मुँह विनाश की ओर खुलता है ?

(iv) विज्ञान ने मानव को कैसा बना दिया है ?

(v) मानव की हस्त क्षमता क्यों खत्म हो गयी है ?

(vi) विज्ञान ने मानव को क्या-क्या नहीं सिखाया ?

*निर्देश: (vi) प्रश्न क्रमांक 25 निबंधात्मक है, जिसमें 08 अंक निर्धारित हैं। ( शब्द सीमा 250 )*

*( 01×08=08 अंक )*

प्रश्न–25 किसी *एक विषय* में 250 शब्दों में निबंध लिखिए – [2+4+2=8]

(i) मेरे सपनों का छत्तीसगढ़।

(ii) स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत।

(iii) मोबाइल : लाभ / हानि।

(iv) महँगाई की समस्या और समाधान।

(v) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन।

***